हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

04 भारत तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की...




07 आरोग्यम में सुविधाओं का सिर्फ प्रचार, कहीं जिक्र...






## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश

**सीहोर**। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंट पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए और ग्राम सभाओं में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी गतिविधियां आयोजित की जाएं। ग्राम सभाएं आयोजित करने का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है। जारी निर्देशानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन करने का दायित्व ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव का रहेगा, जिसका पर्यवेक्षण जनपद पंचायत सीईओ एवं संबंधित एसडीएम द्वारा किया जाएगा।

### यातायात का पालन करने वाले नागरिकों को किया जा रहा सम्मानित



**सीहोर**। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सराहनीय पहल की गई है। परिवहन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने वाले एवं यातायात नियमों का पालन करने वाले जिम्मेदार नागरिकों को फूल देकर सम्मानित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना और सुरक्षित ड्राइविंग की आदत विकसित करना है।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर**। सड़क पर पाए जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुंचा दिया जाएगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें।

---

**खाद के लिए रतजगा :** किसानों को रात भर लाइन में खड़े होने के बाद मिल रही खाद की एक-दो बोरी

# खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान बोले- रबी सीजन की बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा

क्षेत्र में इन दिनों किसानों द्वारा रबी सीजन की बुवाई की तैयारियां की जा रही हैं। लेकिन उन्हें यूरिया और डीएपी खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर






जिले भर में इस समय किसान खाद की भारी किल्लत से जूझ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि सहकारी समितियों के बाहर किसानों को रात भर लाइन में खड़े होने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके बावजूद उन्हें खाली हाथ ही लौटना पड़ता है तो कभी - कभार घंटों की मशक्कत के बाद एक-दो बोरी नसीब हो रही है। किसानों को खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से रबी सीजन की बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संकट के कारण किसानों में गहरी निराशा है और कई जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

ताजा मामला बोरदी कलां गांव का है, जहां खाद की किल्लत के चलते किसान मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात को सहकारी समिति परिसर में रातभर लाइन में खड़े रहे। प्रशासनिक अव्यवस्था के बीच जब खाद वितरण शुरू हुआ तो पुलिस जवानों को व्यवस्था संभालनी पड़ी। तब कहीं जाकर किसानों को एक - दो बोरी खाद मिल पाया। किसानों का कहना है कि उन्हें खाद की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। खाद नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहें, लेकिन इसके बावजूद शासन, प्रशासन द्वारा इस समस्या का कोई उचित समाधान नहीं निकाला जा रहा है। किसानों के यह भी आरोप है कि खाद की आपूर्ति सोसायटियों में कम है, जबकि बाजार में इसकी जमकर कालाबाजारी हो रही है। व्यापारियों द्वारा खाद महंगे दामों पर खुलेआम बेचा जा रहा है। किसानों ने कहा कि यदि शासन, प्रशासन हमें खाद नहीं दे सकता है तो कम से कम सल्फास ( जहर ) ही दे दें। ताकि उन्हें आए दिन की जद्दोजहद से छुटकारा मिल सके।

### खाद नहीं मिलने से किसानों में निराशा

क्षेत्र में इन दिनों किसानों द्वारा रबी सीजन की बुवाई की तैयारियां की जा रही हैं। लेकिन उन्हें यूरिया और डीएपी खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शासन-प्रशासन के सब ठीक हैं के दावों के बावजूद हकीकत यह है कि किसानों को खाद के लिए सोसायटी परिसरों में घंटों नहीं, बल्कि दो-दो दिन तक लाइन में लगना पड़ रहा है। कहीं अधिकारी-कर्मचारियों के धक्के झेलने पड़ रहे हैं, तो कहीं हाथापाई की नौबत आ रही है। किसानों के अनुसार घंटों की भारी मशक्कत के बाद उन्हें बमुश्किल एक - दो बोरी खाद ही मिल रहा है। चाहे उनके पास 5 बीघा जमीन हो या 10 बीघा। ऐसे में उनका कहना है कि खाद की किल्लत के कारण रबी सीजन की बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। जबकि खरीफ फसल पहले ही खराब हो चुकी है। अब रबी फसल से कुछ उम्मीद है तो ऐसे में उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति नहीं हो रही इससे किसानों में खासी निराशा है ।

### नहीं है खाद की कमी

क्षेत्र में खाद की कोई कमी नहीं है, खाद लगातार आ रहा है। ब्लाक में 11 सहकारी समिति और 3 प्रायवेट संस्थानों द्वारा खाद का निरंतर वितरण किया जा रहा है। कहीं भी किसान रात्रि में सोसायटी में लाइन न लगाएं, सुबह आकर टोकन प्राप्त करें और आराम से खाद लें।

**दुर्गेश तिवारी, नायब तहसीलदार**

---

# लोकतंत्र की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए निकाली गई जनआक्रोश रैली

**राष्ट्रव्यापी आह्वान पर छह संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन**




**सीहोर**। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार को जनआक्रोश रैली के बाद भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को दिया।

भारतीयों के मताधिकार के मौलिक अधिकार, संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा और बहुजन समाज के मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार के लिए और उनके ऊपर हो रहे अन्याय अत्याचार के विरोध में न्याय के लिए तथा निम्न स्थानीय स्तर के महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर बहुजन समाज के देशभर के हजारो संगठनों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन, जेलभरो आंदोलन और जन आक्रोश रैली निकालने की घोषणा की गई है। यह आंदोलन वर्तमान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों तथा प्रशासन की मूलनिवासी बहुजन समाज विरोधी विभिन्न नीतियों और बहुजन समाज के ऐतिहासिक व संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा के विरोध किया जा रहा है। विभिन्न संगठनों के द्वारा सभी चुनावों में ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर ससे चुनाव कराने, पिछड़े वर्ग ओबीसी की सभी जाती समूहों की जातीय आधारित जनगणना कराने, आदिवासियों पर हो रहें अन्याय को रोकने, मुस्लिम, इसाई और बौद्ध समुदाय के संवैधानिक अधिकार, सुरक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने, धार्मिक भेदभाव, हिंसा और उत्पीडऩ और मॉबलिंचिंग को रोकने, सरकारी कर्मचारियों को प्रोन्नति देने और आरक्षण तत्काल लागू किए जाने, बहुजन समाज से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय तथा स्थानीय मुद्दों मांगों को पूरा किए जाने की मांग की जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा मध्यप्रदेश जनक सिंह परमार, भोपाल संभाग प्रभारी भारतीय विद्यार्थी मोर्चा बी एस भदोरिया, ओबीसी महासभा चांद सिंह मेवाड़ा कार्यकारी जिला अध्यक्ष जनपद भारतीय मुक्ति मोर्चा जूल सिंह मालवीय, बधूल सिंह, राम सिंह मालवीय, धन सिंह मालवीय, प्रेम नारायण सोलंकी, भवानी सिंह मालवीय, अजय सिंह, रामचरण मालवीय आदि शामिल रहे।

---

# जिले के किसानों को बड़ी राहत, खराब फसल की मिलेगी क्षतिपूर्ति राशि

### भाजपा किसान जिलाध्यक्ष का दावा, 5 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर मिलेगी मुआवजा राशि

**सीहोर**। जिले के सोयाबीन किसानों के लिए लंबे समय बाद राहत भरी खबर सामने आई है। बीते लंबे समय से फसल मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों को अब जल्द ही मुआवजा राशि का वितरण किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी के किसान जिलाध्यक्ष मानसिंह इलाही के अनुसार किसानों को 5 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा राशि मिलेगी। मुआवजे की इस घोषणा के बाद किसान संगठनों और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे विरोध प्रदर्शनों को विराम मिलने की उम्मीद है। प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान के बावजूद जब बीमा राशि का भुगतान नहीं हो रहा था न ही मुआवजा राशि को लेकर कोई घोषणा की गई थी, जिससे किसानों में भारी असंतोष था।

**पूरे जिले के लिए मुआवजे की घोषणा:** भाजपा किसान जिलाध्यक्ष मानसिंह इलाही ने बताया कि पूरे जिले के लिए मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने दावा किया जिले में जहां जहां सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई है, उन सभी क्षेत्रों में किसानों को 5 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा राशि का वितरण होगा। उन्होंने बताया कि सीहोर, आष्टा और इछावर विधानसभा क्षेत्र फसल प्रभावित होने के मामले में सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

### दस्तावेज लेने का कार्य शुरू

मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए किसानों से आवश्यक दस्तावेज लिए जा रहे हैं। हालांकि इस बीच किसान असमंजस की स्थिति में हैं क्योंकि सोशल मीडिया पर तरह-तरह की पोस्ट चल रही हैं। कोई बीमा भुगतान की बात कर रहा है तो कोई मुआवजे की पोस्ट वायरल कर रहा है, जिससे किसानों में थोड़ी भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

---

### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन, ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जब्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

**वृद्ध दलित महिला को दबंगों ने पीटा**

## आरोपः गांव से भगाने की धमकी भी दे रहे, महिला बोली- मकान के पास कब्जा करना चाहते हैं

**सीहोर**। जिले के ग्राम तकीपुर में एक वृद्ध दलित महिला को दबंगों द्वारा लाठियों से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला लीलाबाई मालवीय का आरोप है कि आरोपी अब उन्हें गांव से भगाने की धमकी दे रहे हैं। महिला का कहना है कि मारपीट की घटना 8 अक्टूबर को हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

लीलाबाई मालवीय ने बताया कि गांव के राजमल परमार और उनके बेटे महेश परमार व कमलेश परमार ने उन्हें बेरहमी से पीटा था। उनके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान हैं। महिला का आरोप है कि आरोपी उनके मकान के पास की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, जिसके चलते यह विवाद हुआ।



पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहे हैं और उन्हें लगातार धमकियां दे रहे हैं। परिवार डरा हुआ है और उन्हें अपनी सुरक्षा का डर सता रहा है।

इस मामले में कोतवाली थाना टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी और दोनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिला को धमकी मिलने की कोई शिकायत अभी तक उनके पास नहीं आई है। वहीं, अजाक थाना टीआई अंसारउल्ला खान ने जानकारी दी कि यह मामला कोतवाली थाने में दर्ज किया गया है और अभी तक उनके थाने में स्थानांतरित नहीं हुआ है।

---

**बाजारों में प्रतिदिन की भांति ठेले यथावत लग रहे**

# त्योहार से पहले बाजार में अव्यवस्था का लग रहा 'जाम', नपा की चेतावनी बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




दीपावली पर्व के चलते बाजार की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नगर पालिका द्वारा की गई सख्त मुनादी बेअसर साबित हो रही है। नपा ने पिछले गुरुवार को लाउडस्पीकर से सार्वजनिक घोषणा कर ठेले और हाथगाड़ी वालों को मुख्य बाजार क्षेत्र से हटने और उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी, लेकिन बाजार में नपा की यह सख्ती बेअसर नजर आ रही है।

बाजारों में प्रतिदिन की भांति ठेले यथावत लग रहे हैं, जिससे न केवल यातायात व्यवस्था चरमरा गई, बल्कि ग्राहकों को भीड़ और अव्यवस्था के बीच से निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। नपा की चेतावनी को ठेला संचालकों ने पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया और नपा अमला कार्रवाई के लिए मैदान पर उतरा ही नहीं।

**गांधी रोड तक पहुंच रहे दो पहिया वाहन:** त्योहार में महज एक सप्ताह बचा है और बाजारों में भीड़ लगातार बढ़ रही है। इसी समस्या को देखते हुए नपा ने मुख्य मार्गों को ठेला मुक्त करने का फैसला लिया था, ताकि पैदल चलने वालों को राहत मिले और जाम की स्थिति न बने। लेकिन प्रतिबंध लागू होने के के असर नजर नहीं आ रहा है। सबसे खास बात यह है कि शहर के सबसे व्यस्त गांधी रोड पर दिन भर दो पहिया वाहन नजर आ रहे हैं, जो दुकानों के सामने ही पार्क हो रहे हैं, जिससे गांधी रोड पर अव्यवस्था नजर आ रही है।

**भीड़ बढ़ेगी, मुश्किल बढ़ेगी :** यदि नगर पालिका अपनी ही चेतावनी पर सख्ती से अमल नहीं करती है तो आगामी दिनों में हालात और भी बिगड़ने वाले हैं। दीपावली नजदीक आने पर ग्राहकों की भीड़ चरम पर होगी और मुख्य मार्गों पर ठेले खड़े रहने से यातायात जाम और अव्यवस्था का स्तर लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा देगा। आमजनों का कहना है कि तहसील चौराहा, कोतवाली चौराहा, अमर टॉकीज, अस्पताल चौराहा पर ही वाहनों की पार्किंग व्यवस्था हो, ताकि वाहन बाजार में न आ सकें।

---

# कम बारिश, कलेक्टर ने दिए निर्देश नदियों का पानी बोरी बांध से रोककर भूजल स्तर बढ़ाएं

**सीहोर**। जिले में इस मानसून सीजन में पिछले साल की तुलना में कम बारिश दर्ज की गई है। जिले में 1088 एमएम वर्षा हुई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1133 एमएम बारिश हुई थी। वर्षा ऋतु की समाप्ति को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने जल संरक्षण के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि नदियों और छोटे नालों में व्यर्थ बह रहे पानी को रोका जाए। इसके लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह बोरी बांध बनाकर पानी को रोका जा सकता है। इससे उस क्षेत्र का जलग्रहण और भूजल स्तर बढ़ेगा।



### नदियों में बोरी बांधकर रोकेंगे पानी

इस पहल से किसानों को फसलों की सिंचाई, मवेशियों को पीने और अन्य जरूरतों के लिए कुछ समय तक पानी बचाया जा सकेगा। उन्होंने किसानों को भी जागरूक करने पर जोर दिया कि वे अपने खेतों में ढलान वाली जमीन पर पानी का संचय करें। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्प्रिंकलर सिंचाई के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश भी दिए, जिससे पानी की बचत की जा सके।

**खबर संक्षेप**



## भावांतर योजना में पंजीयन कराने की किसानों से की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में भावांतर योजना में सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। भावांतर योजना के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों से अपील की है, कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र, एमपी ऑनलाइन तथा एमपी किसान एप के माध्यम से भावांतर योजना में अपना पंजीयन कराएं। ताकि सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिल सके। पंजीयन के लिए पंजीयन केंद्र जाते समय किसान अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र साथ लेकर जाएं। इसी प्रकार सिकमी एवं वन पट्टाधारी तथा सिकमीदार किसान अपना आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर, वन पट्टा तथा सिकमी अनुबंध की प्रति साथ लेकर जाएं।

**भाजपा जिला कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत:** स्वदेशी संकल्प अभियान को लेकर पत्रकार वार्ता संपन्न हुई

# भारत तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर है : प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, देश को विकसित बनाने का मार्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भाजपा जिला कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प अभियान को लेकर एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। पत्रकार वार्ता में बतौर मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर पुष्पांजलि कर की गई। इसके पश्चात मुख्य वक्ता रजनीश अग्रवाल का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा व सीहोर विधायक सुदेश राय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

इसके बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए रजनीश अग्रवाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, देश को विकसित बनाने का मार्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से जाता है, आत्मनिर्भर भारत निर्माण का सशक्त माध्यम स्वदेशी है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रत्येक भारतीय को हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान से जोड़ने का आह्वान किया है। रजनीश जी आगे कहा कि भारतवर्ष तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की और तेजी से अग्रसर है। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के पहले हम विश्व में दसवें स्थान पर थे लेकिन मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बंनने के बाद हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने फिर चौथे स्थान पर आए। अब हम तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। भारत स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने की बजाय अब अपनी जडों़ को पहचान रहे है। भारत ने पूरे विश्व में योग दिवस के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रखने का कार्य किया है। भारत योग के माध्यम से लोगों को आरोग्य रखने का पताका पूरे विश्व में फहरा रहा है। भारत आज अपने गौरवशाली इतिहास के साथ आगे बढ़ रहा है। हम इतिहास पर नजर डालें तो हमें देखने को मिलता है कि 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में स्वदेशी आंदोलन ने बंगाल विभाजन के विरोध में बहिष्कार से लेकर महात्मा गांधी के रचनात्मक कार्यों तक, स्वतंत्रता संग्राम में ऊर्जा भर दी थी। प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया अभियान, स्टार्टअप इंडिया अभियान ने भी भारत को आत्मनिर्भरता के लिए बल प्रदान किया है। ₹वोकल फॉर लोकल₹ जैसे नारे ने एक नई ऊर्जा का संचार किया है। हमारी शक्ति, हमारी संस्कृति और हमारी उद्योग कुशलता ही हमें आत्मनिर्भर भारत की ऊंचाईयों तक ले जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी जी आम जनों के जीवन की कठिनाईयों को कम करने के लिए प्रयासरत है पहले लोग पैसे के अभाव में बेहतर इलाज नहीं करा पाते थे लेकिन आयुष्मान योजना में 5 लाख तक के मुफ्त इलाज से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इसी के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी हमारी सरकार काम कर रही है। भारत पहले रक्षा उपकरणों के मामले में पूरी तरह दूसरे देशों पर आश्रित था लेकिन आज भारत रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी अपना रहा है। पहले रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे जबकि आज हमारे बड़े पैमाने पर रक्षा उपकरणों को विश्व में निर्यात कर रहे है आज हम पूरी तरह से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गए है। कांग्रेस सरकार में रक्षा सौदों में दलाली खाई जाती थी हमारी सरकार में रक्षा सौदों को पूर्ण पारदर्शी तरीके से किया जाता है। पिछले दिनों पाकिस्तान के आतंकी क्षेत्रों में हमारी सेना ने स्वदेशी उपकरणों से हमला किया जिसमें ड्रोन से लेकर ब्राम्होस मिसाईल तक स्वदेशी थी। कृषि उत्पादन के मामले में भी हम अब स्वदेशी हो चुके है जिससे कृषि उपकरणों की कीमत कम हो गई है। इस कारण अब हमारा निर्यात भी काफी हद तक बढ़ा है। कोविड जैसी वैश्विक बीमारी में भी हमने स्वदेशी वैक्सीन व पीपीई किट का निर्माण किया जिससे देश में बड़े पैमाने पर जनहानि होने से हमने लोगों को बचाया इसी के साथ हमने 100 से अधिक देशों को ₹ वैक्सीन मैत्री₹ के तहत वैक्सीन का निर्यात किया। भारत आज दवाईयों का सबसे बड़ा निर्यातक है। ऑटो मोबाइल क्षेत्र में भी भारत सबसे बडा.निर्यातक है। विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलना ही होगा । और भारत को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा दायित्व हमारे MSME's यानी हमारे लघु, मध्यम और कुटीर उद्योगों पर भी है। जो देश के लोगों की जरूरत का है। जो हम देश में ही बना सकते है। वो हमें देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी दरों में कटौती होने से हमारे MSME's , कुटीर व लघु उद्योगों को बहुत फायदा होगा क्योंकि बड़े पैमाने पर स्वदेशी वस्तुओं की मांग होने से उनका उत्पादन भी बढेग़ा ।

आत्मनिर्भर भारत बनने का संकल्प केवल भाजपा का संक़ल्प नहीं है बल्कि यह प्रत्येक भारतीय का संकल्प है। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, सीहोर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, आत्मनिर्भर भारत टोली संयोजक डॉ गगन नामदेव उपस्थित रहें।

## खेल मैदान की दुर्दशा, खिलाड़ियों का जज्बा घास में दबा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी नगर खैल मैदान की व्यवस्था बिल्कुल ही खराब है वहां खेल सुविधाओं की हालत बेहद खराब है। वॉर्ड क्रमांक 13 स्थित दशहरा मैदान में महीनों से सफाई नहीं हुई है। मैदान में उगी घास और गंदगी के बीच स्थानीय खिलाड़ियों का अभ्यास ठप पड़ गया है। स्थानीय खिलाड़ी अनुज ठाकुर ने बताया कि “मैदान की सफाई न होने से खेलना मुश्किल हो गया है, विभाग को कई बार जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।” उन्होंने यह मामला मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर दर्ज कराया (शिकायत क्रमांक 34908993 दिनांक 15 अक्टूबर 2025), लेकिन अब तक निराकरण नहीं हुआ। बहुत ही सुंदर खेल स्टेडियम बनकर तैयार हुआ था लेकिन अब यह कंडीशन है कि खेल मैदान में जगह-जगह कचरा एवं दारू की खाली बोतल के साथ-साथ कांच के टुकड़े पड़े हुए मिलते हैं और स्टेडियम में लगे खिड़की दरवाजे सहित अन्य चीज को आसामाजिक लोगों द्वारा तोड़ पोड कर दी गई है। लेकिन इस और भी कोई ध्यान देने वाला नहीं है इससे थकहार कर खिलाड़ियों ने अब सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की है उन्हें आशा है कि सीएम हेल्पलाइन से शिकायत होने के बाद व्यवस्थाएं सही हो जाएगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि “खेल ही युवाओं को नशे और गलत रास्तों से बचाते हैं, लेकिन जब मैदान ही बंद पड़े हों तो युवा कहाँ जाएँ जनता की मांग है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग तत्काल हस्तक्षेप करे, मैदान की सफाई, घास कटाई और खेल सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करे ताकि रेहटी और आसपास के गांवों के खिलाड़ी फिर से अभ्यास शुरू कर सकें।

## दीपावली के पश्चात बीएसआई मैदान पर खेली जाएगी जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी दिनों में होने वाली जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए मैदान तैयारियां अंतिम चरण में है। क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा सहित अन्य सीनियर खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में मैदान का समतलीकरण आदि किया किया जा रहा है।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बुधवार को मैदान पर एकलव्य अकादमी और पीपीसीए अकादमी के द्वारा यहां पर मौजूद खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया गया। इस दौरान कोच ने मैदान पर क्रिकेट की गतिविधि में खिलाड़ियों का मैदान पर दौड़ना, बल्लेबाजी करना, गेंदबाजी करना और क्षेत्ररक्षण करना शामिल है। इनमें गेंदबाज का गेंद फेंकना, बल्लेबाज का उसे शॉट लगाकर रन बनाने का प्रयास करना, और क्षेत्ररक्षकों का गेंद को रोकने और वापस फेंकने के लिए दौड़ना और पोजीशन लेना शामिल है। इसके अलावा एक हाथ से गेंद उठाकर एक ही बार में फेंकने का अभ्यास करें।

कम दूरी से शुरुआत करें और लगातार, सहज थ्रो करने का लक्ष्य रखें। इससे आप मांसपेशियों की याददाश्त विकसित कर रहे हैं, जिससे आप वास्तविक खेल के दौरान तेज़ और ज़्यादा सटीक थ्रो कर पाएँगे।

## नकली खाद बेचने व रखने में 5 लोगों पर प्रकरण दर्ज

**राजस्व व कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई नकली खाद बेचने बालों पर गोपालपुर थाने में हुआ मामला दर्ज**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नकली खाद की बेचने वाले 3व रखने में दो लोगों पर गोपालपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया। कृषि विभाग के अधिकारी व राजस्व की संयुक्त कार्रवाई व मौका मुआयना कर शिकायतकर्ता के बयान जांच रिपोर्टलेकर गोपालपुर थाना पहुंचे जिसमें पांच लोगों प्रकरण दर्ज कराया गया।

मामला शुक्रवार को भैरुंदा क्षेत्र के निमोटा एवं महागांव कदीम में राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ,नकली खाद की 210 कट्टी जब्त की है। तहसील की ग्राम पंचायत नीमोटा के सरपंच वीरेन्द्र सिंह की सूझबूझ व सतर्कता से नकली खाद बेचने वाले गिरोह भंडाफोड़ हुआ। शुक्रवार की सुबह उनके घर तेजपाल सिंह राजपूत निवासी नंलियाखेड़ी जिला नरसिंहगढ़, एवं अजय सिंह राजपूत निवासी शमशाबाद जिला विदिशा नकली खाद खपाने पहुंचे थे। ऊपर से ब्रांड उत्तम शक्ति पॉवर के नाम से दिखाई देने वाली खाद की कट्टी को सरपंच वीरेंद्र सिंह ने जब खोलकर देखा तो अन्दर कोयला रखा मिट्टी युक्त खाद निकला। उन्होंने तुरन्त इसकी सूचना कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग से नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी ,कृषि विभाग बीएस राज,अधिकारी कर्मचारी ने खाद की कट्टी देखी जिसमें पाया उर्वरक कोयले की राख युक्त नकली खाद निकला। सरपंच ने एक ओर जानकारी देते हुए बताया महागांव कदीम में किसान सालिगराम के घर बने गोदाम में भी नकली खाद पाया गया। वहीं मौके पर पहुंचे अधिकारियों गोदाम मालिक से पूछताछ की तो सालिकराम ने बताया पुष्पेंद्र राजपूत,अजय राजपूत के साथ कैलाश राजपूत मेरे पास आए थे। उन्होंने 700 खाद की कट्टी गोदाम में रखने के लिए 5हज़ार रुपए देने की बात कही थी। नहीं पता था कि नकली खाद है। गोदाम में रखी 500कट्टी खाद बेच दी। 210कट्टी बची है। दो लोगों को नहीं जानता हु। पुष्पेंद्र राजपूत निवासी निमोटा के कहने पर गोदाम में खाद रखवाया था। इधर नकली खाद बेच रहे अजय राजपूत एवं तेजपाल सिंह राजपूत मौका देख फरार हो गए।

किसानों को 700 बोरी नकली खाद में 500 बोरी पहले ही ग्रामीण क्षेत्र में खपाई जा चुकी थीं। तो वहीं खाद की बोरी पर ‘उत्तम शक्ति’ ब्रांड लिखा था, लेकिन जांच में बोरी के अंदर राखनुमा पाउडर निकला। एक बड़ी धोखाधड़ी का करने बालों खुलासा करते हुआ। वहीं नकली खाद बेचने वाले आरोपी मौके से फरार हो थे। कार्रवाई संयुक्त टीम द्वारा की गई, जिसमें राजस्व विभाग नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी, कृषि विभाग के अधिकारी बीएस राज सहित कर्मचारी शामिल थे।

### इन पांच लोगों पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

तेजपाल सिंह राजपूत निवासी नंलियाखेड़ी नरसिंहगढ़, अजय सिंह राजपूत निवासी शमशाबाद जिला विदिशा, कैलाश राजपूत निवासी विदिशा, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत निवासी निमोटा, सालिकराम निवासी महागांव कदीम

कृषि विस्तार अधिकारी भैरुंदा बीएस राज ने बताया कि किसानों को नकली खाद बेचने पांच लोगों पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कराया गया है। आगे की जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जायेगी।

**बड़ी बीड़ बावड़ियांचोर प्राइमरी स्कूल में अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में धांधली**

# स्कूल प्रभारी ने अपनी अयोग्य बेटी को अतिथि शिक्षक के पद पर किया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



बावड़ियां चोर के बड़ी बीड़ प्राइमरी स्कूल में पिछले दिनों अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में की गई गड़बड़ी की शिकायत के दो सप्ताह बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित आवेदक ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराने की गुहार लगाई है ।

आवेदक का कहना है कि उक्त स्कूल प्रभारी ने नियमों के विरुद्ध अपनी बेटी को अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्त कर लिया , जबकि संबंधित महिला के पास निर्धारित योग्यताएं नहीं है। वहीं दूसरी ओर स्कूल प्रभारी ने योग्य और स्कोर कार्ड में अधिक नंबर वाले आवेदकों को नियुक्ति नहीं दी गई। इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर पात्र आवेदक को अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्ति देने की मांग की गई थी। लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय गुजरने के बावजूद अभी तक न तो उक्त अतिथि महिला को हटाया गया है और न ही आरोपी शिक्षक के खिलाफ कोई कार्रवाई हो पाईं है।

मंगलवार को गांव ब्रिजीशनगर निवासी आनंद राठौर ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जन सुनवाई में कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आवेदक ने बताया कि ब्रिजीशनगर संकुल के तहत आने वाले बावड़ियां चोर प्रायमरी स्कूल बड़ी बीड़ में अतिथि शिक्षक वर्ग 3 का एक पद रिक्त था। इसके लिए आवेदक आनंद राठौर सहित कुछ अन्य अभ्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। लेकिन स्कूल प्रभारी प्रकाश राठौर द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशों को दरकिनार करते हुए अपनी ही बेटी की उक्त पद पर अवैध तरीके से नियुक्ति कर दी गई। जबकि अन्य अभ्यार्थियों के पास निर्धारित योग्यता होने के साथ ही स्कोर कार्ड में संबंधित महिला से अधिक नंबर है। आरोपी स्कूल प्रभारी ने उक्त आवेदकों को आमंत्रित किया और ना ही उन्हें किसी प्रकार की जानकारी दी गई। ज्ञापन में आवेदक ने कहा कि इस मामले की शिकायत संकुल प्राचार्य और बीईओ को लिखित रूप से की गई , लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय बीतने के बावजूद अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित आवेदक ने ज्ञापन में कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं उक्त अतिथि शिक्षक के पद पर योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति करने की मांग की है।

### वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जा चुका है प्रतिवेदन

इस संबंध में संकुल केंद्र ब्रिजीशनगर बीएल मालवीय ने बताया कि बावड़ियां चोर के प्राथमिक विद्यालय बड़ी बीड़ में अतिथि शिक्षक की नियुक्ति में की गई धांधली की जांच कर प्रतिवेदन डीईओ कार्यालय को भेजा जा चुका है। आरोपी स्कूल प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई डीईओ कार्यालय से ही होना है।

## चंद्रपाल सिंह दरबार बने सैंधव राजपूत क्षत्रिय सामाजिक धार्मिक ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



नगर के समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता चंद्रपाल सिंह दरबार को सैंधव राजपूत क्षत्रिय सामाजिक धार्मिक ट्रस्ट उज्जैन की मुख्य केंद्रीय कमेटी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दरबार की नियुक्ति पर क्षेत्र के समाजजनों में हर्ष का माहौल है।

पिछले दिनों उज्जैन स्थित श्री राम मंदिर धर्मशाला में सैंधव राजपूत क्षत्रिय सामाजिक धार्मिक ट्रस्ट उज्जैन की मुख्य केंद्रीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आठ तहसील एवं तीन जिलों से आए समाजजन शामिल हुए। इस दौरान समाज की व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा कर उन्हें दूर करने के प्रयासों एवं सामाजिक धर्मशाला का आय व्यय , साफ सफाई , धर्मशाला में हो रहे निर्माण कार्य आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। नए कार्य हेतु प्रस्ताव पास किये । इसी दौरान वरिष्ठ समाजसेवी व केंद्रीय कमेटी के सदस्य रहे युवा चंद्रपाल सिंह दरबार ठिकाना झालकी तहसील इछावर को समाज की मुख्य केंद्रीय कमेटी मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ललित सिंह उज्जवल हाटपिपलिया ,उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर अरनिया राम , उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राणा ,मुर्मिया बड़ा,आष्टा तहसील अध्यक्ष , जीवन सिंह ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर, सचिव पद पर विश्राम सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष चंदर सिंह ठाकुर , धीरज सिंह ठाकुर आष्टा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है । बैठक में केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा सभी सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा गया कि सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, और हमारा पूरा प्रयास है कि सिंहस्थ तक सभी कार्य पूर्ण हो जाए । साथ ही सचिव कृपाल सिंह अगेरा ने अभी तक हुए कार्यों की विस्तृत जानकारियां दी । प्रबंधक धीरज सिंह ठाकुर ने आवक जवाक बताई । बैठक का संचालन सुरेंद्र सिंह सोनगरा द्वारा किया गया । नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह दरबार ने सभी को समाज हित में समन्वय बनाकर कार्य करने एवं समाज हित में नए सदस्यों को जोड़ने की बात कही ।

### आयुष्मान के लिए पहुंची टीम ने भी पाई थीं कई अस्पताल में कई तरह की कमियां

# आरोग्यम में सुविधाओं का सिर्फ प्रचार, कहीं जिक्र नहीं कब और कौन डॉ करेगा जांचें







हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले भर में झोलाछाप डॉक्टर्स के नाम पर की जा ही कार्रवाई में संबंधित क्लीनिक के कथित डॉक्टर की डिग्री, डिप्लोमा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा चेक किए जा रहे हैं और यह प्रकिया सतत चलना भी चाहिए। परंतु जिन क्लीनिक पर कार्रवाई की जा रही है वह कब पुनः संचालित होने लगते हैं इस पर भी संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को उत्तरदायी होना होगा। इनको कौन पहले नजरअंदाज करता है और फिर दिखावे के लिए इसी तरह की कार्रवाई की जाती है। कितनी पैथालॉजी और मेडिकल स्टोर अभी भी अमानक स्तर के होते हुए भी संचालित हो रहे हैं। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ही कटघरे में नजर आ रहे हैं। क्या जिला मुख्यालय पर व जिले भर में संचालित हो रहे अमानक अस्पताल जिम्मेदारों को दिखाई नहीं दे रहे और कितने डॉक्टर हैं जो सरकारी अस्पताल में डॉक्टर होने के बाद भी अपनी क्लीनिक और हॉस्पिटल बिना अनुमति के संचालिक कर रहे हैं। ओपीडी में भी कई डॉक्टर बैठने का नाम नहीं ले रहे सिर्फ दिखावे के लिए अपने भर्ती पेसेंट को देखने ही अस्पताल का राउंड लगाते हैं। इसी को वह ओपीडी की ड्यूटी मानते हैं। आम मरीज को आज भी परेशानी ही हाथ लगती है।

#### जिला मुख्यालय पर ही चल रहा भ्रामक प्रचार वाला अरोग्यम अस्पताल

इधर पूरे जिले में झोलाछाप डॉक्टर्स पर कार्रवाई कर वाहवाही बटोरने वाली स्वास्थ्य विभाग की टीम पर प्रश्नचिन्ह तब उठते हैं जब भ्रामक प्रचार करने वाला आरोग्यम अस्पताल जिला मुख्यालय पर ही संचालित हो रहा है। जिसने अपने प्रचार में एंडोस्कोपी, कार्डियक इको जैसी सुविधाओं का सिर्फ प्रचार किया जा रहा है जबकि हकीकत कुछ और ही है। नाक के नीचे चह रहे इस अमानक अस्पताल में सुविधाओं की जांच करने व गलत पाए जाने पर सील करने स्वास्थ्य विभाग की टीम क्यों नहीं पहुंच पाई। उल्लेखनीय है आरोग्यम अस्पताल में जिला अस्पताल के ही एक एनेस्थेटिक डॉक्टर की पार्टनरशिप होने के चर्चा के चलते इस तरह की ऑफिशियल कार्रवाई नहीं होती है। वहीं इस आयुष्मान के लिए अनुमति लेने के लिए जब जांच टीम अस्पताल पहुंची थी तब उसने कई तरह की खामियां पाई थीं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कमियों को छुपाने के लिए भ्रामक प्रचार का सहारा लिया जा रहा है।

**इनका कहना है...**

हमारे यहां पर प्रचारित सभी सुविधाएं दी जाती हैं परंतु वह सप्ताह में एक ही बार होती है। इसके लिए डॉक्टर बाहर से आते हैं।

**डॉ आशीष जोशी**
**आरोग्यम अस्पताल राजगढ़**

### भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# मुआवजे की मांग लेकर घुटने के बल कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



जिले में इस साल हुई अतिवृष्टि से क्षेत्र के अनेकों किसानों की फसलें तबाह हुई हैं। आलम यह है कि किसानों को फायदा तो दूर की बात फसल उगाने की लागत भी नहीं निकल पाई है। ऐसे में बीते कई दिनों से विभिन्न संगठनों, राजनीतिक दलों द्वारा शासन, प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की जा चुकी है। इसी कड़ी में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले मंगलवार दोपहर अनेकों किसान घुटने के बल चलते हुए कलेक्टेट पहुंचे। यहां यूनियन जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में सभी ने काफी समय तक नारेबाजी करते हुए बाद में मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम निधि भारद्धाज को सौंपा। यूनियन जिलाध्यक्ष तोमर ने कहा कि सत्तारूढ़ दल के जिले में दो मंत्री और पांच विधायक होने के बावजूद किसान खून के आंसू रो रहा है।

#### ज्ञापन में यह रखी मांगें

यूनियन पदाधिकारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि फसलों के सेटेलाइट सर्वे की बजाय पटवारी को ईकाई मानकार औसत उपज की तुलना में आई कमी को आधार बनाकर क्षति का पूरा मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही भावान्तर योजना को किसानों के लिए नहीं बल्कि बड़ी कंपनियों के फायदे के लिए निर्मित होने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया। खाद के पर्याप्त भंडारण एवं दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दूध प्रदायकों को 5 रुपए बोनस देने की घोषणा का पालन करने की मांग भी उक्त ज्ञापन के जरिए रखी गई।

#### 18 को ब्यावरा पहुंचेंगे मुख्यमंत्री, किसानों को बांटेंगे खराब फसलों का मुआवजा

*ब्यावरा। जिले भर से लगातार आ रही फसलों के खराब होने की शिकायतों और किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए 18 अक्टूबर को दीपावली के पहले प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव फसलों का मुआवजा देने ब्यावरा आ रहे हैं। एसडीएम ब्यावरा गोविंद दुबे ने बताया कि कार्यक्रम का संभावित स्थल नया दशहरा मैदान ब्यावरा हो सकता है।*

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प विधानसभा सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर



स्थानीय डग रोड बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प विधानसभा सम्मेलन में विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ देश के हर व्यक्ति को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प पुरा हो रहा है। वर्तमान में कुटीर उद्योग जिससे स्व-सहायता समूह की बहनें, मजदूर, किसान हर व्यक्ति को रोजगार मिला है छोटे से छोटे काम या बड़े से बड़े काम स्व सहायता समूह की बहनें करके स्वावलम्बी बन रही है। सांसद रोड़मल नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प 2047 है जिसमें भारत विकसित बनकर रहेगा , स्वदेशी से इस विकसित भारत को साकार करने वाले हैं स्व का बोध जाग्रत करना है ताकि स्वयं का विकास संस्कृति, आचार, विचार, आचरण हमारे पूर्वज जो हमें सौंपकर गए।

उसमें स्वावलंबी बनाना है। आवश्यकता इस बात कि जो मजबूर है वह मजबूत कैसे बनें। इसके लिए रहनें के लिए पक्का मकान शोचालय जो हमारी मुलभुत जररूत है उसे पुरा करने में हम लगें हैं। हर हाथ मजबूत केसे बनें इसी सोच से प्रधानमंत्री कार्य कर रहे हैं स्व के आधार पर काम किया जा रहा है। उसके बाद स्वदेशी का आंदोलन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। जिसमें हर व्यक्ति स्वावलंबी बन रहा है। कांग्रेस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार थी तब सड़क बिजली पानी कि स्थिति कैसी थी, ओर जो बदलाव अब आया है वह किसान सहित हर व्यक्ति के चेहरे से प्रतीत हो रहा हर व्यक्ति उत्साह खुशी में होकर विकास की ओर आगे बढ़ रहे। सौर ऊर्जा स्वयं की हम किसी पर आश्रित नहीं रहे यह सारे प्रयास करके आत्मनिर्भर भारत संकल्प को पूरा कर रहे। मोबाइल के क्षेत्र में हम सबसे आगे बढ़े हैं। 25 हजार करोड़ का निर्यात किया है जो अभी तक का सबसे अधिक है। धार्मिक स्थल हो या महापुरुष लेकिन हमने हर स्थल पर चहुंओर विकास कार्य करें। सौंदर्यीकरण को पुरा कर रहे। पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमलसिंह पवांर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाह, मण्डल अध्यक्ष शिव मंडलोई, लखन तोमर, राम दांगी, मीडिया प्रभारी परीक्षित वैध कार्यक्रम का संचालन मुकेश राठौर ने किया सहित विधानसभा क्षेत्र के समस्त पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन का मामला, ब्लैक लिस्टेड भी होंगी फर्मे

# लापरवाही पर 2 फर्मों की 18 लाख की जमा एफडी राशि राजसात

### परियोजना में अनेकों स्थानों पर कार्यों में लापरवाहियां हुईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़




हर घर नल से जल पहुंचाने शासन की महत्वाकांक्षी योजना को जिले में बैठे अधिकारी पलीता लगाने में लगे हुए हैं। पीएचई एवं जल निगम द्वारा संयुक्त रूप से क्रियान्वियत की जा रही इस परियोजना में अनेकों स्थानों पर कार्यों में लापरवाहियां हुई हैं।

ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही से कार्यों में हुई देरी पर नरसिंहगढ़ के ग्राम कंडारा, कोठरी, हिनोत्या एवं गागर में जल जीवन मिशन की निर्माण एजेंसी श्री इंद्रजीत सिंह घुरैया ग्वालियर की अनुबंधित ग्रामों की जमा एफडी 5 लाख 72 हजार 330 रुपए राजसात की गई है। इसके साथ ही मिशन अंतर्गत नरसिंहगढ़ के ही ग्राम पाडल्याबना, नून्याहेड़ी, ताजपुरा एवं ब्यावरा के ग्राम सलेपुर में मैसर्स गुलरेज अहरम सिद्धकी भोपाल द्वारा नवीन पाइप लाइन कार्य, मय सामग्री एवं मजदूरी के पाईप लाईन टेस्टिंग, नल कनेक्शन पूर्ण न करने पर अनुबंधित ग्रामों की जमा एफडी राशि 12 लाख 48 हजार 763 रुपए राजसात की गई है। कलेक्टर ने उक्त दोनों फर्मों को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव भी वरिष्ठ कार्यालयों को भेजा है।

#### एक ही टंकी से कई गांवों में सप्लाई

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने वाली इस परियोजना को लेकर कालीतलाई ग्राम पंचायत के ग्रामीण भी नाखुश हैं। ग्रामीणों के अनुसार उनके घरों में बहुत कम प्रेशर से पानी आ रहा है। इसके साथ ही पानी भी महज 20 मिनट के लिए छोड़ा जाता है। क्षेत्र के अनेक ग्रामों से भी योजना के तहत समुचित पानी न दिए जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।

# काव्य समागम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### भोपाल, सीहोर व जिले के कवियों ने बांधा समां




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

श्री गणेश साहित्य मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होटल मिडवे ट्रीट में काव्य समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भोपाल, राजगढ़ ब्यावरा, सीहोर, कुरावर, तलेन से आए कवि कवित्रियों ने एक से बढ़कर एक राष्ट्रभक्ति से सरोबार वीर श्रृंगार वीर रस और हास्य रस की कविताएं पड़ी। भोपाल की कवित्री पूजा दुबे 'मोहिनी' एवं ब्यावरा की कवित्री रेखा नायक 'रानो' ने गजल पढ़कर सबका मन मोह लिया। सर्वप्रथम संस्था के अध्यक्ष डॉ महेश जैन एवं संरक्षक लखमीचंद चौधरी 'लखन' मुख्य अतिथि रेखा पचवारिया ने दीप प्रचलित किया। विशेष अतिथि राधेश्याम पचवारिया लक्ष्मण सिंह राणा अनिल महेश्वरी थे। कवि हरि सिंह 'पतंग' ने सरस्वती वंदना कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साहित्यकारों में हरि सिंह केशवाल को राष्ट्रीय पहचान हिंदी हम सब की शान हिंदी सुना कर कार्यक्रम को उंचाइयां दी। राजेश शर्मा 'सत्यम' ने नेताओं का पोथी पाना खोला राजनीति पर व्यंग कसा। खलील का कुरेशी ब्यावरा ने उर्दू में शायरी की शाहिद सैफी 'अश्क' नरसिंहगढ़ ने सब गम के आसपास है हम क्या गजल कहे, गजल प्रस्तुत की।

डॉ विजेंद्र जायसवाल सीहोर, लक्ष्मण सिंह चैकसे सीहोर, सुरेश जयसवाल सीहोर, डॉक्टर शैलजा श्रीवास्तव भोपाल, रजनी निखिल भोपाल, पूजा दुबे 'मोहिनी' कमलेश शर्मा सीहोर, बाबूलाल शर्मा 'गणेश' कुरावर, हीरालाल जायसवाल 'अनाड़ी' सीहोर, प्रेमदास वैष्णव कुरावर सहित अन्य साहित्यकारों ने रचना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन दीपक सक्सेना एवं उर्दू के शेयर शाहिद सैफी ने किया भोपाल से आई गीतकार पूजा दुबे 'मोहिनी' की रचना बारिश की बंदे ने कर दिया कमाल ने खूब तालिया बटोरी आभार संस्था के अध्यक्ष डॉ महेश जैन द्वारा किया गया।


# वाल्मीकि जयंती पर भव्य चल समारोह निकला, सर्व समाज ने लिया भाग



**सारंगपुर।** महर्षि श्री वाल्मीकि की जयंती प्रकट उत्सव के अवसर पर मंगलवार को सर्व वाल्मीकि समाज सारंगपुर द्वारा चल समारोह एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाल्मीकि मंदिर वार्ड क्रमांक 5 इन्द्रा कॉलोनी से प्रारंभ हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए स्थानीय मांगलिक परिसर पहुंचा। पूरे नगर में शोभायात्रा के दौरान जय वाल्मीकि, जय श्री महाकाल के जयघोष गूंजते रहे।

समारोह में राज्य सभा सांसद एवं पीठाधीश्वर वाल्मीकि धाम उज्जैन उमेशनाथ महाराज ने आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गौतम टेटवाल इसके अलावा नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला तथा वाल्मीकि समाज जिलाध्यक्ष रामलाल खटक सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। चल समारोह के बाद सामरसता सम्मेलन का आयोजन राठी परिसर में किया गया, जहां समाज में एकता, शिक्षा और सेवा कार्यों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में भव्य महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सर्व वाल्मीकि समाज सारंगपुर द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद सतीश गिरजे, पार्षद अमित गिरजे,नरेंद्र कंडारे, बनारसी गिरजे, तरुण दावरे, रवि गिरजे, राजकुमार गिरजे, विनोद गिरजे, भरत गिरजे, सूरज ओटले, रवि वाल्मीकि, विकास गिरजे सहित अन्य मौजूद थे।

# महाविद्यालय में 'वोकल फॉर लोकल' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

स्थानीय शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित 'वोकल फॉर लोकल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल वेबिनार आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से हुआ। संयोजक डॉ. मोहम्मद वसीम शेख ने विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. गौतम टेटवाल, राज्य मंत्री, कौशल विकास एवं रोजगार ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की बात कही। प्रमुख वक्ताओं डॉ. पुण्य प्रसन्न पलतानी एवं डॉ. लीना चेतन जोशी ने विकसित भारत 2047 हेतु युवाओं, शिक्षकों एवं तकनीकी विकास की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लगभग 350 प्रतिभागियों ने सहभागिता की एवं 22 शोधार्थियों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। संचालन डॉ. अर्चना वर्मा एवं आभार डॉ. विमल लोदवाल ने व्यक्त किया।

### आरोप- जनपद सीईओ नहीं मान रहे विभाग का आदेश, अन्य मांगें भी लंबित

# कलमबंद हड़ताल पर राजगढ़ जनपद की 101 पंचायतों के जीआरएस

#### जनपद परिसर स्थित मंदिर में ही धरने पर बैठे सभी जीआरएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



पिछले माह 4 सितंबर 2025 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सचिव विहीन ग्राम पंचायतों के अधिकार रोजगार सहायकों को सौंपने के संबंध में एक सर्कुलर जारी किया था। इसके बावजूद राजगढ़ जनपद में कई ऐसी पंचायतें हैं जहां एक ही पंचायत सचिव को 2-2 पंचायतों का प्रभार दिया हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार ऐसी पंचायतों में रोजगार सहायकों को पंचायत के समस्त अधिकार सौंप दिए जाने चाहिए थे, लेकिन राजगढ़ ब्लॉक में ऐसा नहीं किया जा रहा है। इसी के विरोध में जनपद क्षेत्र के तहत आ रही सभी 101 पंचायतों के रोजगार सहायक कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं।

जीआरसी संगठन जिलाध्यक्ष सागर गुर्जर एवं राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मोहन गुर्जर ने बताया इस संबंध में रोजगार सहायकों द्वारा 8 अक्टूबर को जनपद सीईओ आशीष जोशी को एक ज्ञापन सौंपा गया था। उक्त ज्ञापन में जीआरएस को वित्तीय अधिकार सौंपने सहित अन्य मांगे भी रखी गई थी, जिनका निराकरण आज दिनांक तक नहीं किया गया है। ग्रामीण विकास विभाग भोपाल से स्पष्ट आदेश प्राप्त होने के बाद भी रोजगार सहायकों को सचिवीय अधिकार प्रदान नहीं किए जा रहे हैं।

#### यह भी हैं रोजगार सहायकों की मांगें

सचिव विहीन ग्राम पंचायतों के वित्तीय अधिकार जीआरएस को सौंपने के साथ ही संगठन की कुछ अन्य मांगे भी हैं। इन मांगों में जनपद में अटैच रोजगार सहायकों को रिक्त ग्राम पंचायतों में पदस्थ किया जाए, ग्राम पंचायत पदमपुरा में पंचायत के मूल सचिव को चार्ज न देकर यहां पदस्थ जीआरएस सिद्धनाथ अहिरवार को सचिव का प्रभार सौंपा जाए, जीआरएस को कार्य की अधिकता के चलते अन्य विभागों के कार्य न सौंपे जाएं एवं रोजगार सहायकों के वेतन से किया गया कटौत्रा उन्हें वापस किया जाए।

#### अन्य जनपदों में लागू किया जा चुका है आदेश

रोजगार सहायक संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह हड़ताल सिर्फ राजगढ़ जनपद क्षेत्र के रोजगार सहायकों द्वारा की जा रही है। चूंकि, राजगढ़ जिले की अन्य जनपदों के सीईओ द्वारा ग्रामीण विकास के आदेशों का पालन किया जा चुका है ऐसे में इस कलमबंद हड़ताल में सिर्फ राजगढ़ जनपद के जीआरएस ही शामिल हैं। संगठन पदाधिकारियों के अनुसार जब जिले की ही अन्य जनपदों में आदेश का पालन हो रहा है तो सिर्फ राजगढ़ जनपद ही अछूती क्यों रखी जा रही है।

#### मांगें नहीं मानने पर व्यापक करेंगे आंदोलन

रोजगार सहायक संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 1 सप्ताह में उनकी मांगों एवं समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा।

**संक्षेप खबर**

## नकली मावा तो किया जब्त, कार्यवाई नदारद

**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में सैकड़ों दुकान मीठा,मावा,पनीर,दही,यही, लस्सी सहित अन्य खाद्य सामग्री बनाने की चल रही है।पर त्यौहारों पर ही जिला से टीम आती है सेंपल लेने के बाद चली जाती है।आज तक किसी दुकान पर शासन के निर्देश खाद्य सुरक्षा विधेयक या अधिनियम को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।इसी तरह से दीपावली के त्यौहार को आकर्षित करने वाले मालवा डेयरी सीमेंट रोड पंजाब बैंक के पास पर लगभग 4वार नक़ली मावा जप्त किया गया है। पर आज तक नोटिस जारी के अलावा कुछ नहीं पाया गया है।इस बार भी जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के आदेश अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी,मनोज नामदेव खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह, कमलेश दिया बार ने पूर्व की तरह निर्धारित दुकान बीकानेर, सपना, राजस्थान मीठा की दुकान पर जांच की सैंपल लिए गए और पत्रकारों को आश्वासन दिया कि जांच को भेजेंगे रिपोर्ट आने पर कार्यवाही होगी।पर सरकार द्वारा जांच के लिए चलीत मशीन चलाई गई है। फिर वह कहां है।मावा नकली आ रहा है। फिर मावे की मिठाई क्यों नहीं दी गई सेंमपिल में यह सवाल उठाए हैं।

### एसडीएम की टीम ने उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया, दिशा निर्देश जारी

# खाद वितरण सेंटरों में हो रही गड़बड़ी निरीक्षण के दौरान कम मिला स्टॉक

किसानो के लिए खाद की समस्या हमेशा से ही सिर का दर्द बनी रही है। डबल लॉक गोदामों पर भी कालाबजारी भी किसानों के लिए परेशानी बन रही है। सोमवार को अधिकारियों की टीम ने खाद वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया इस दौरान कई जगह स्टाक कम मिला जिस पर जांच के निर्देश दिए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



आने वाली फसल को लेकर किसानों ने यूरिया डीएपी खाद को खरीदने के लिए लगातार लाइन बढ़ती जा रही है। लेकिन अभी तक डबल लाक,एम पी, एग्रो में भी गड़बड़ी हो रही है। किसान, मजदूर को भी टोकन वितरण किया जा रहा है। किसान को मजदूर अपना टोकन वैंचर रहे हैं। प्रभारी अधिकारी किसान को उनकी ऋण पुस्तिका पर या आधार पर कोई टोकन वितरण नहीं किया गया है। जिनमें अधिकारी के लोगों को भी शामिल किया गया है। लेकिन अब सही अधिकारी जांच-पड़ताल कर रहे हैं।

प्राइवेट दुकान पर शासन के निर्देश अनुसार कृषि विकास अधिकारी तहसीलदार वरिष्ठ कृषिविकास अधिकारी की संयुक्त टीम ने खाद वितरणके प्रतिष्ठान पर जांच की जिसमें लाइसेंस,देयक पंजी, कमोडिटी बोर्ड पी ओ एस मशीन से भोतिक मिलान किया गया तो क्रषिसंसार तहसील चौराहे पर भौतिक मिलान सही पाया गया। लेकिन क्रषि मंत्री के करीबी बताने बालै। मंडी रोड पर स्थित पीतांबरा टिरेडरस पर यूरिया खाद की 350बोरी कम पाई गई है। तथा अन्य अनेक कमियां पाई गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। तथा अभी कार्यवाही जारी रहेगी ऐसे आस्वादन दिया है। कार्यवाही करने पर बताया कि पीतांबरा टिरेडरस को नोटिस जारी कर अन्य दुकानों पर भी जांच की गई है।

### खाद का नियमित वितरण कराने के निर्देश

शुक्रवार को कलेक्टर ने जिले में मार्कफेड गोदामों एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किए जा रहे खाद वितरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने विकास खंडवार प्रत्येक तहसीलों में खाद की वर्तमान उपलब्धता एवं भंडारण तथा कुल वितरण का गंभीरता पूर्वक अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए की जिले को प्राप्त खाद आवंटन के अनुरूप डबल लॉक गोदाम एवं सहकारी समितियां के माध्यम से खाद का निर्वात वितरण सुनिश्चित किया जाए। केंद्रों पर लगने वाली भीड़ पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की खाद वितरण के लिए बेहतर प्रबंधन तंत्र अपनाए एवं किसानों को की जाने वाली खाद वितरण की संपूर्ण एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जाए जिससे केंद्र एवं गोदाम पर अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित न हो। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां एवं मार्कफेड उचित सूचना तंत्र के माध्यम से किसानों तक वितरण दिनांक एवं समय की जानकारी नियमित प्रसारित करें जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने जिला विपणन अधिकारी को निर्देश दिए की मार्केट के तहत संचालित गोदाम की सतत निगरानी करें।

## करोड़ों की लागत से बनी सड़क पर लगने लगे हैं जहां-तहां थेगड़े

**अधिकारी बोले-ठेकेदार करेगा काम, मेरा हुआ तबादला**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



पीपल चौक से रेलवे स्टेशन को स्टेट हाईवे से जोड़ने वाली सड़क मई -जून के महीने में ही पूर्ण हुई थी गुणवत्ता विहीन काम के चलते जगह-जगह से सड़क उधड़ने लगी है डिवाइडर भी टूट कर गिरने लगे हैं। ज्ञात हो कि रेलवे स्टेशन गुरमखेड़ी से पीपल चौक सेमरी हरचंद 1.40 किलोमीटर लंबी सड़क एक करोड़ 81 लाख की लागत से निर्माण हुई है निर्माण कार्य 21 दिसंबर 2023 से प्रारंभ होकर 20 जून 2024 को निर्माण कार्य पूर्ण होना इसके बोर्ड पर दर्शाया गया है जबकि अप्रैल 2025 तक इस सड़क का निर्माण कार्य चलता रहा सड़क का ठेका एस सी जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी नर्मदापुरम को दिया गया था ठेकेदार के प्रभाव के कारण लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मुख दर्शक बनकर निर्माण कार्य की लापरवाही और गुणवत्ता विहीन काम को चुपचाप देखते रहे अब आलम यह है कि सड़क पर जगह-जगह बारिश का जल भराव होने के कारण गड्ढे पड़ गए थे जिन पर ठेकेदार ने परफॉर्मेंस गारंटी के नाम पर थेगड़े लगा दिए हैं। इस संबंध में निर्माण कार्य बोर्ड पर अंकित एसडीओ राजीव पाठक से बात करने पर उन्होंने कहा कि सड़क गारंटी में है ठेकेदार 5 वर्षों तक उसकी देखरेख करेगा और सड़क की मरम्मत का काम भी करेगा मेरा तबादला दूसरे स्थान पर हो गया है ।

## अनूसूचित जाति जनजाति एकता संयुक्त महासंघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



भोपाल स्थित संयुक्त एकता महासंघ कार्यालय 74 बंगलों में अनूसूचित जाति जनजाति एकता संयुक्त महासंघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को संपन्न हुई । महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक मांडले ने विस्तृत जानकारी हमारे चैनल से साझा की।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में मुख्य बिंदु संगठन के विस्तार सामाजिक जन चेतना रणनीति एवं आगामी अधिवेशन पर चर्चा हुई कार्यकम की अध्यक्षता अभयराम चौधरी डीएसपी (सेवानिवृत) जिला नर्मदापुरम ने की । महासंघ की इस प्रदेश स्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं न्याय संबंधी पर चर्चा हुई एवं निर्णय लेकर संगठन का विस्तार हुआ । महासंघ पदाधिकारियों के तत्वाधान में संविधान के रखवाले भारत के चीफ़ जस्टिस श्री बी आर गवई की ओर सुप्रीम कोर्ट परिसर में मानसिक विकलांग संकीर्ण विचारक अधिवक्ता द्वारा जूता फेंकने की घ्रणित घटना की महामसंघ ने इसकी घोर निंदा करते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के नाम ज्ञापन थाना न्यू मार्केट, भोपाल में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा जिसमे उल्लेखित है कि भारत सरकार उस व्यक्ति पर तुरंत कठोर दंडात्मक कार्यवाही करें एफआईआर करके में जेल में डालें जिसने भारत की आत्मा एवं अस्मिता पर हमला किया।

इसके साथ ही ग्वालियर हाईकोर्ट के वकील अनिल मिश्रा का बार काउंसल लाइसेंस निलंबित करके दंडात्मक कार्यवाही करें जिसने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर को अंग्रेजों का गुलाम कहकर संबोधित किया है उनका यह वक्तव्य ना केवल संविधान की गरिमा का हनन है।

## अक्सर आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला जिम्मेदार नहीं दे रहे कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र में लगभग देखा एवं पाया गया कि परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की तथा पर्यवेक्षक की लापरवाही से अक्सर आंगनबाड़ी केंद्र पर अनमितता काफी तथा ताला लगा रहता है।

पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं लेकिन वह सिर्फ सेक्टर में जाकर बैठक काआयोजन कर वापस आ जातीं हैं। अधिकारी के द्वारा पिपरिया से मात्र 2किलोमीटर से लेकर 5किलोमीटर की भी आंगनबाड़ी केंद्र पर निरीक्षण नहीं किया जाता है ।या लापरवाही की जा रही है।या पर्यवेक्षक गुमराह कर रहे हैं। ग्राम पंचायत राईखेडी में दोपहर 2बजकर 30मिनिट में ताला लगा दिया और आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि उनकी पोलियो मुक्त के लिए डिप्यूटी लगी है । सहायिका ने बताया कि उनकी सांस शांत हुई है तथा खुद को बुखार लग रहा था।

इसलिए जल्दी ताला लगा दिया गया। परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी को फोन किया तो 3बार में फोन रिसीव नहीं किया।

**पुलिस में आवेदन देने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर फिर पहुंचे थाने**

## सोहागपुर में फिर गर्माया नगर परिषद सफाई कर्मचारी से अभद्रता करने का मामला, नहीं हो रही कार्रवाई से नाराज

**सोहागपुर ।** सोहागपुर नगर परिषद के सफाई कर्मी रोहित महोरिया ने साबिर खान पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए 11 अक्टूबर को सोहागपुर थाने में शिकायती आवेदन दिया था। शिकायत में उल्लेख था कि 11 अक्टूबर की सुबह रोहित महोरिया राजेन्द्र वार्ड क्रमांक 07 में सफाई कार्य कर रहे थे। तभी साबिर खान ने गलत व्यवहार करते हुए महोरिया से जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से अन्य सफाई कर्मचारी भी आहत हुए थे। हालांकि आवेदन देने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में सोहागपुर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई



ना करने पर मंगलवार को अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पीड़ित सफाई कर्मचारी सहित अन्य साथी दोबारा थाने पहुंचे। यहां सभी ने पुलिस से एफआईआर पर कार्रवाई बावत जानकारी मांगी। अजाक्स संघ जिलाध्यक्ष रविशंकर बाल्मीकि ने बताया कि थाना प्रभारी द्वारा उन्हें शाम तक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान: हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का मूल मंत्र हमें आज यहां से लेकर जाना: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी संकल्प अभियान को लेकर सीहोर विधानसभा का विधानसभा सम्मेलन भाजपा जिला पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर,भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, जिला महामंत्री रवि नागले, मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, आत्मनिर्भर भारत टोली संयोजक गगन नामदेव द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ हुई।

तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा का स्वागत सीहोर भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, देवीपुरा मण्डल अध्यक्ष प्रीतम गौर द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सीहोर विधायक सुदेश राय का स्वागत श्यामपुर मण्डल अध्यक्ष अजय ठाकुर व दोराहा मण्डल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अन्य सभी अतिथियों का स्वागत देवीपुरा मण्डल के पूर्व मण्डल अध्यक्ष गिरीश सौलंकी व श्यामपुर मण्डल के पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश मेवाड़ा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात आत्मनिर्भर भारत के टोली संयोजक डॉ गगन नामदेव द्वारा आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी संकल्प विषय की भूमिका विधानसभा कार्यकर्ताओं के सामने प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात सीहोर विधायक सुदेश राय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना साकार करना है। हमें आत्मनिर्भर भारत अभियान में आगे बढ़कर हिस्सा लेना है। वो दिन दूर नहीं जब भारत देश पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होगा।

हमारी सरकार प्रत्येक सेक्टर में काम कर रही है ताकि हम आत्मनिर्भर बन सकें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। जबतक यह स्वदेशी नहीं होगी। यह न तो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर सकती है और न ही न्याय की गारंटी दे सकती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, अब स्वदेशी का स्वरूप केवल खादी या दीये तक सीमित नहीं रह गया है। आज स्वदेशी की परिभाषा व्यापक हो चुकी है यह ब्राम्होस मिसाइल से लेकर सेमीकंडक्टर निर्माण तक, भारतीय भाषाओं और ज्ञान परंपराओं से लेकर विश्व स्तरीय उत्पादों एवं तकनीकी नवाचारों तक विस्तारित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्टअप इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसे अनेक ऐतिहासिक पहल कीं, जिनका परिणाम आज देश के हर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

यह अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है। मेवाड़ा ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सब इस संकल्प को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का यह मंत्र केवल नारा नहीं बल्कि भारत की आर्थिक स्वतंत्रता का आधार है। हमें गर्व होना चाहिए कि आज देश का युवा वर्ग स्टार्टअप्स, नवाचार और कुटीर उद्योगों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर आमजन को विदेशी वस्तुओं के स्थान पर स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित करें। यही हमारे देश की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि जब हर नागरिक स्वदेशी के मार्ग पर चलेगा, तब भारत विश्व में केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक शक्ति के रूप में उभरेगा। मेवाड़ा ने अंत में कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक संकल्प है। यदि हम सब मिलकर इसे जीवन में उतार लें, तो आने वाला भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा, बल्कि विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र बनेगा। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं का आभार भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल मंझेड़ा, जिला मंत्री प्रितेश राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता मायाराम गौर, कमलेश कटारे, मोहन चौरसिया, गोपाल सोनी सहित अन्य पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

**मूंडला ग्राम में 15 लाख से बने भवन का विधायक ने किया लोकार्पण, कई लोग रहे मौजूद**

# ग्रामीण भवन में कर सकेंगे धार्मिक और सामाजिक आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम पंचायत शंभुखेड़ी के ग्राम मूंडला में अभी तक ऐसा कोई स्थान नही था,जहां ग्रामीण अपने यहा होने वाले छोटे बड़े आयोजन एक ही स्थान पर कर सके । अब ग्राम मूंडला के ग्रामीण जनों की उक्त समस्या आज समाप्त हो गई है। क्योंकि आज आपको एक सामुदायिक भवन की सौगात मिल गई है। उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज ग्राम पंचायत शंभुखेड़ी के ग्राम मूंडला में 15 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण अवसर पर उपस्तिथ ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम में उपस्तिथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान,भाजपा मैना मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य,रामचन्द्र परमार,मैना मंडल के विष्णु परमार, बंटी मेवाड़ा,सरपंच गजराजसिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम मूंडला में बने उक्त सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत शंभूखेड़ी के सरपंच महेश चौधरी ने अपनी ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों का एक मांग पत्र भी विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को सौपा । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की ग्राम पंचायत की जो भी समस्याएं और जो मांगे हैं उन पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।इस अवसर पर ग्रामीणों ने आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त किया कि उनके द्वारा ग्राम को आज एक बड़ी सौगात दी गई।

## ओल्ड यंग मेन ग्रुप के सदस्यों ने मानस सम्मेलन के अध्यक्ष का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में दिसंबर माह में होने जा रहे मानस सम्मेलन को सफल बनाने हेतु श्री भूरू मुकाती को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया। ओल्ड यंग मेन ग्रुप के किरण कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रुप ने मानस सम्मेलन के अध्यक्ष भूरू मुकाती का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समाजसेवी, मोहनसिंह अजनोदिया ने मंत्रों का वाचन करते हुए पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। भूरू मुकाती का फूलमाला से स्वागत कचरू सेठ, हेमंत सोनी, किरण कुमार शर्मा, मानस भवन समिति अध्यक्ष सत्यनारायण कमरिया, मनीष डोगरे, ने मुंह मीठा कराकर मिठाई वितरित की। मानस सम्मेलन अध्यक्ष भूरू मुकाती को ओल्ड यंग मेन ग्रुप के सभी सदस्यों ने सम्मेलन में पूर्ण सहयोग का वादा किया।